nt>

Title: Need to link Bhiwadi and Rewari towns through a broad gauge railway line. − Laid.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र अलवर, राजस्थान के अंतर्गत आने वाला भिवाडी कस्बा राट्रीय राजधानी क्षेत्र में तेजी से बढते हुए औद्योगिक कस्बों में से एक है। भिवाडी में लगभग 1000 से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो चुकी हैं और इसके अलावा भिवाड़ी हेतु एक इनलैण्ड कंटैनर डिपो की स्वीकृति भी मिल चुकी है। इस क्षेत्र में व इसके आसपास पर्याप्त जनसंख्या निवास करती है और राजस्थान सरकार ने भी भावी विकास की संभावनाओं को देखते हुए इसे बड़े कस्बे के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया हुआ है।

भिवाडी दिल्ली से 75 किलोमीटर, रेवाडी से 25 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। वर्तमान में भिवाडी रेल मार्ग के मानचित्र में नहीं है। मेरा निवेदन है कि भिवाडी को बड़ी लाइन के रेल मार्ग से रेवाड़ी से जोड़ा जाये। लगभग 25 किलोमीटर का यह रेल मार्ग राट्रीय राजधानी क्षेत्र के इस क्षेत्र का विकास करने को तीव्रगति देने में अत्यधिक सहयोगी सिद्ध होगा।

अतः मैं चाहूंगा कि रेवाड़ी-भिवाड़ी रेल मार्ग की लागत एवं यातायात संभावनाओं तथा प्रतिफल की दरों के अध्यतन अनुमान हेतु इंजीनियरिंग कम ट्रैफिक सर्वे इसी र्वा करवाया जावे।